# टेलर के आगमन पर स्वागत का जलवा, अनेक चौराहों पर धूम

## भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे उज्जैन, यूनिवर्सिटी में युवाओं से किया संवाद, नानाखेड़ा से लोकशक्ति तक निकली रैली

**उज्जैन। युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के स्वागत कार्यक्रम शहर में प्रवेश करते हुए शुरू हो गया। दो तालाब से शुरू हुआ स्वागत का यह क्रम हर एक मंच पर चलता रहा। बता दें शहर सिर्फ बैनर और पोस्टरों से पट गया था। जिधर देखो उधर सिर्फ पोस्टर और बैनर ही दिखाई दे रहे थे।**



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर गुरुवार दोपहर 2.30 बजे शाजापुर से उज्जैन पहुंचे। उज्जैन आगमन पर उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित बजट चर्चा कार्यक्रम में सहभागिता की। इसके पश्चात नानाखेड़ा चौराहे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भव्य रैली का शुभारंभ हुआ। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए दो तालाब पहुंची, जहां प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी जयंत गरुड़ द्वारा स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर स्वागत से काफी अभिभूत हुए। अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने कहा कि उज्जैन आकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। यह बाबा महाकाल की नगरी है, जहां सभी को उनका आशीर्वाद मिलता है यहां आकर उन्हें काफी ऊर्जा मिली। उन्होंने उज्जैन में मिले आत्मीय स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में युवा मोर्चा लगातार सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक एकता, उत्साह और ऊर्जा के साथ हुआ।

### हर मंच पर पहुंचे टेलर-तलवार, त्रिशूल, पतंग, गुब्बारे

दो तालाब से प्रारंभ हुआ स्वागत क्रम सिंधी कॉलोनी चौराहा, तीन बत्ती, इंदिरा गांधी प्रतिमा होते हुए टॉवर चौक तक पहुंचा। लगभग 50 से अधिक स्थानों पर मंचों के माध्यम से श्याम टेलर का जोरदार स्वागत किया गया। प्रत्येक मंच पर श्याम टेलर उतरे और कार्यकर्ताओं को अभिवादन किया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने तलवार, त्रिशूल, मध्यप्रदेश के विकास को दर्शाती तस्वीरें, पतंग, गुब्बारे, पगड़ी और दुपट्टे भेंट कर स्वागत किया। कहीं क्रेन और जेसीबी से पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। पूरे शहर को होर्डिंग्स और बैनरों से सजाया गया था। स्वागत के दौरान डीजे बजते रहे और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी बधाई संदेशों की भरमार देखने को मिली। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने पूरे कार्यक्रम की कमान संभालते हुए कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। अंत में काफिला लोक शक्ति कार्यालय पहुंचा, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के तेज विकास की बात कही और आगामी 2028 की तैयारियों को लेकर युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला।

# नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने रोड चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने गुरुवार को कोयला फाटक से होते हुए निजातपुरा कंठाल चौराहा एवं केडी गेट से खजूर वाली मस्जिद तक चल रहे रोड चौड़ीकरण के कार्यों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कोयला फाटक से निजातपुरा तक रोड़ चौड़ीकरण के कार्य अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गति बढ़ाई जाए एवं जो स्थल एवं मकान हटाए जाने की कार्रवाई की जाना है। उसे 3 दिन में पूरा करें वर्तमान में कोयला फाटक से निजातपुरा तक 300 मीटर से अधिक रोड का निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। आयुक्त द्वारा कार्य की गति एवं संसाधन बढ़ाए जाकर कंठाल चौराहा तक रोड निर्माण का कार्य किए जाने के निर्देश दिए साथ ही कंठाल चौराहा तक नाली निर्माण का कार्य भी पूर्णता की ओर है। इसी के साथ खजूर वाली मस्जिद से लेकर केडी गेट चौराहा तक चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण करते हुए कार्य की गति बढ़ाई जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भवन अधिकारी राकेश वास्कले, सहायक यंत्री डीएस परिहार, निर्झर शुक्ला उपयंत्री, श्याम शर्मा एवं संबंधित कार्य के ठेकेदार उपस्थित रहे।

## उज्जैन के माखन सिंह राजपूत होंगे कप्तान

**उज्जैन।** 11 फ़रवरी से बिहार में होने वाले 3 राज्यो के नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए मध्य प्रदेश दिव्यांग क्रिकेट टीम की घोषणा हुई। जिसमें उज्जैन के माखन सिंह राजपूत को कप्तान बनाया गया। माखन के कोच डॉ. राकेश चावरे ने बताया कि उज्जैन के लिए बड़े ही गौरव का विषय है कि माखन सिंह राजपूत को इस टूर्नामेंट में कप्तान के रूप में चुना गया है। दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान एवम बिहार क्रिकेट डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित 3 राज्यों की दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 11 फरवरी से12 फरवरी तक ऊर्जा क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से उपाध्यक्ष अंकित शर्मा ने मध्य प्रदेश टीम की घोषणा की।

**गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कल से-उज्जैन।** जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अधिकारी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार किसानों के हित के लिए संकल्पित है। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ होगा। सभी कृषक भाइयों से निवेदन है कि बडी संख्या में गेहूं उपार्जन के लिए पजीयन कराएं।

# एडीजी की भूमिका में राकेश गुप्ता ने संभाली उज्जैन की कमान

## महाकाल दर्शन के बाद ग्रहण किया पदभार, सिंहस्थ में मिलेगा अनुभव का लाभ





**उज्जैन। आईपीएस राकेश गुप्ता ने गुरुवार को एडीजी की भूमिका में उज्जैन रेंज की कमान संभाली है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में पांचवीं बार उनकी आमद हुई है। एडीजी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए।**

1999 बैच के आईपीएस राकेश गुप्ता गुरुवार को उज्जैन पहुंचे। कुछ दिन पहले ही मध्य प्रदेश शासन द्वारा उन्हें उज्जैन रेंज की कमान एडीजी के रूप में सौंपी गई थी। कार्यभार संभालने से पहले उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए और पदभार ग्रहण करने पहुंचे। ऑफिसर मैस पर उनकी स्थानीय पुलिस अधिकारियों द्वारा अगवानी की गई और फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। एडीजी राकेश गुप्ता पांचवीं बार उज्जैन आए हैं। सबसे पहले प्रोविजनल के रूप में उन्होंने अपनी सेवा दी थी। उसके बाद वह एसपी के रूप में लौटे थे, उसे दौरान उन्होंने अपराधों पर अंकुश लगाने और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। उसके बाद डीआईजी और आईजी के रूप में भी अपनी सेवाएं वह बाबा महाकाल की नगरी में दे चुके हैं। इस बार एडीजी के रूप में उन्हें उज्जैन रेंज की कमान सौंपी गई है। वर्ष 2016 सिंहस्थ महाकुंभ में आईजी रहे गुप्ता को उज्जैन की भौगोलिक स्थिति के साथ पूरे संभाग की जानकारी है। सिंहस्थ 2028 में उनकी भूमिका काफी महत्वपूर्ण साबित होगी।

### इंदौर में रहा लंबा कार्यकाल

राकेश गुप्ता का इंदौर में लंबा कार्यकाल रहा है। वे इंदौर रेंज के आईजी, इंदौर के एसएसपी और बाद में इंदौर के ही तीसरे पुलिस कमिश्नर भी रह चुके हैं। उल्लेखनीय है जब तत्कालीन पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर प्रतिनियुक्ति पर गए थे तब राकेश गुप्ता को इंदौर का पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया था। इंदौर में डीआईजी रहते हुए राकेश गुप्ता ने कुख्यात सियागंज गैंग, कोतवाली क्षेत्र में हुए बोहरा व्यापारी हत्याकांड सहित कई हाई-प्रोफाइल मामले में आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## ब्यूटी प्रैक्टिशनर के प्रशिक्षण का शुभारंभ

उज्जैन। स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ( बैंक ऑफ इंडिया तथा भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय) में 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रेयांस कुमट तथा उप आंचलिक प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल श्री पी के कमल , नोडल अधिकारी सरोज कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव मिश्रा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला प्रबंधक कौशल छाया भार्गव विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने मां सरस्वती का पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पंचायत सीईओ कुमट ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें अच्छी तरह प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। उप आंचलिक प्रबंधक ने भी सभी प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें भविष्य में हर संभव वित्तीय सहायता दिलवाने के लिए आश्वत किया। आर सेटी के नोडल अधिकारी सरोज कुमार तथा अग्रणी जिला प्रबंधक संजीव मिश्रा ने सभी का मार्गदर्शन किया। अजब सिंह मालवीय ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन प्रवीण सक्सेना द्वारा किया गया।

# साथियों के साथ मिलकर छात्र से की मारपीट

**उज्जैन।** कोचिंग पर एक माह दो छात्रों के बीच हुए विवाद का मामला कोचिंग संचालक द्वारा दोनों के माता-पिता को बुलाकर शांत कर दिया था। लेकिन एक छात्र रंजिश रखे था, बुधवार को उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर छात्र के साथ बुरी तरह मारपीट की। मणिनगर में रहने वाला आर्यन पिता मोहन चौहान 15 साल केंद्रीय विद्यालय में कक्षा नवीं का छात्र है और दक्षिण मैदान के समीप कोचिंग पर अध्ययन करने जाता है। एक माह पहले कोचिंग पर ही पढ़ने वाले वरुण से उसका विवाद हो गया था। उस दौरान कोचिंग संचालक द्वारा दोनों के माता-पिता को बुलाकर समझाइश गई थी और मामला शांत कराया गया था। वरुण ने कोचिंग आना छोड़ दिया था लेकिन आर्यन से रंजिश रख रहा था। बुधवार को आर्यन कोचिंग पहुंचा था जहां से शाम को अध्ययन पूरा करने के बाद वापस घर जाने के लिए लौट के लिए बाहर आया था। इस दौरान वरुण अपने दो साथियों के साथ पहुंचा और आर्यन के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे बुरी तरह लात घुसो से पीटा गया और घायल कर दिया कुछ लोगों ने बीच बचाव किया। आर्यन के साथ मारपीट की खबर मिलते ही परिजन भी पहुंच गए और उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद आर्यन को छुट्टी दे दी। परिवार द्वारा मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई जाएगी।

### शराब के रुपए नहीं देने पर मारा चाकू

मक्सी रोड महावीर एवेन्यू के सामने बीती रात युवक के साथ मारपीट की गई और चाकूमार कर घायल कर दिया गया। घटनाक्रम में आनंद पिता राजकुमार पाल निवासी कंचनपुरा को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल आनंद ने बताया कि वह रात 9.30 बजे मोबाइल रिचार्ज करने के लिए जा रहा था तभी महावीर एवेन्यू के गेट के सामने तीन-चार युवकों ने उसे रोका और शराब के पैसे मांगने लगे मना करने पर चाकू मारा है जो पेट और पैर पर लगा है। मामले में पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।

## उज्जैन से तीर्थ यात्रा का नवीन कार्यक्रम

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना अंतर्गत जिला उज्जैन से अयोध्या तीर्थ स्थान की यात्रा के इच्छुक 779 पात्र श्रद्धालुओं जिनके द्वारा पूर्व में इस योजना का लाभ नहीं लिया हो, अपने निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र अंतिम तिथि 07 फरवरी तक संबंधित नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जनपद पंचायत में जमा करा सकेंगे। यात्रा का प्रारंभ 10 फरवरी को होगा और यात्रा वापसी 13 फरवरी को होगी। लॉटरी के माध्यम से 8 फरवरी को 12 बजे श्रद्धालुओं का चयन किया जाएगा। जिन व्यक्तियों द्वारा पूर्व में आवेदन किये हो और उनके द्वारा यात्रा का लाभ नहीं लिया हो, उनके द्वारा सप्रमाण सादे कागज पर इस यात्रा में जाने की सहमति संबंधित नगरीय, ग्रामीण निकाय में देने पर उनके आवेदन पत्र को इस यात्रा के लिए मान्य किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल की अस्पताल में मौत

**उज्जैन। सड़क दुर्घटना में घायल युवक को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां दो दिन बाद उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है।**

झारडा के ग्राम लसुड़िया गोयल में रहने वाला भरत पिता उदय सिंह 45 साल डंपर चालक था। घर में इलेक्ट्रिक का कम होने पर वह मंगलवार को पिपलोन इलेक्ट्रिक सामान खरीदने के लिए गया था। जहां से लौटते समय उसे ग्राम ढाबला के समीप बस ने टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर भरत को चरक अस्पताल लाया गया जहां से परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल लेकर गए। 2 दिन चले उपचार के बाद रात में भरत की मौत हो गई। स्थानीय थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मर्ग डायरी जांच के लिए संबंधित थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

**पटरियों पर मिली वृद्ध की लाश**-जीआरपी ने बुधवार दोपहर ग्राम असलावादा रेलवे स्टेशन के पास पटरियों से एक वृद्ध की लाश बरामद की है। ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध के दोनों पैर कट चुके थे। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम कक्ष में रख पहचान के प्रयास शुरू किए हैं। बताया जा रहा है कि मृतक 65 वर्ष के लगभग है जिसके हाथ पर सिर्फ राम गुदा हुआ है। कपड़ों से वह साधु दिखाई दे रहा है। जीआरपी द्वारा उसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कराया जाएगा।

## एक नजर में



### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा 5 फरवरी को सरस्वती विद्या मंदिर उमावि ऋषिनगर के छात्र-छात्राओं को सही, स्वच्छ, सुरक्षित एवं फोर्टिफाईड खान-पान के बारे में जागरूक किया गया तथा बच्चों में फास्ट फूड, जंक फूड के प्रति बढ़ रही प्रवृत्ति को कम करने एवं इसके स्वास्थ्य पर होने वाले विपरीत प्रभाव के बारे में भी बताया गया। विभाग द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से स्कूली छात्र-छात्राओं को खाद्य पदार्थों में होने वाली सम्भावित मिलावट एवं मिलावट का घरेलू आसान परीक्षण के बारे में भी जागरूक किया गया। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से छात्र-छात्राओं को स्लाइड्स एवं वीडियो के माध्यम से प्रदर्शन कर अपने भोजन में नमक, तेल व शक्कर की मात्रा कम करने, अधिक मात्रा में पानी पीने, अपने भोजन में हरी सब्जियां, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, मौसमी फल, दाल व अनाज को अधिक मात्रा में सम्मिलित करने, तली हुई खाद्य सामग्री का उपयोग सीमित करने तथा पैक्ड खाद्य सामग्री को खरीदने के पूर्व उसके लेबल पर क्या-क्या जानकारियां अंकित होना चाहिए आदि के बारे में विस्तृत से समझाया गया।



### एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**उज्जैन।** जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने जानकारी दी कि गुरुवार 5 फरवरी को कार्यालय जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मीटिंग हॉल में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पटेल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं के एक-एक मेडिकल ऑफिसर एवं समस्त दंत चिकित्सा अधिकारियों को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. शिव मेनिया द्वारा निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी, कोटपा अधिनियम 2003, ई-सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम 2019 की जानकारी दी गई। डॉ. हसन खान ने तंबाकू से होने वाले विभिन्न ओरल कैंसर के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।



### संस्कृति की थाप, राष्ट्र का मान

**उज्जैन।** अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में देशभक्ति एवं लोकनृत्य की थीम पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम, सांस्कृतिक विरासत और लोककलाओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। मंच पर प्रस्तुत प्रत्येक नृत्य ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए निर्णायक मंडल के रूप में शास्त्रीय नृत्यांगना श्रीमती अवनी वालुस्कर एवं आयुषी सोलंकी, वेणुनाद निनाद नृत्य अकादमी से उपस्थित रहीं । निर्णायकों ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में कला, अनुशासन और देशप्रेम की भावना को सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक राहुल पंड्या, शैक्षणिक निदेशिका सरोज वागले, उप-प्राचार्या पल्लवी दिवाकर, समन्वयक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संचालन शिक्षिका स्वाति नामदेव एवं मानसी उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयास का परिणाम रहा । इस आयोजन की जानकारी सीसीओ राखी मेहता ने दी।

### तैराकी में संभाग के बच्चों ने जीते कई पदक

**उज्जैन।** इंदौर में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के बच्चों द्वारा कई पदक अर्जित किये। दिलीप जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सभी संभागों से खिलाड़ियों ने सहभागिता की। उज्जैन संभाग द्वारा कोच सपना माली को नियुक्त किया गया था। तैराकी प्रतियोगिता में शिवोहम तिवारी ने 2 ब्राउन मेडल, अतिक्ष पोरवाल ने 1 सिल्वर, 2 ब्राउन मेडल प्राप्त किए। पर्व साहू, जुनेजा हुसैन, जैस्मीन हुसैन, माधव जवेरी, रुद्र भदौरिया, मो. इजान खान, अद्वैत ददवानी, सिद्धेश जैन, याशिका बागले, भारती कहार, मायरा चौधरी आदि द्वारा सहभागिता की गई। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग उज्जैन अधिकारी ओपी हारोड़ द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राकेश तिवारी, संतोष सोलंकी, देवीदास रामचंदानी, सपना माली, नैनाज हुसैन, नीतू साहू, नेहा चौधरी मौजूद रहे।

# रुपए लेकर जमानत देने वाला रिमांड पर

**उज्जैन। बिजली विभाग के प्रकरण में आरोपी बनाये गये युवक की जमानत देने के लिये 500 रुपये लेकर न्यायालय के साथ छल करने वाला पूछताछ में पकड़ा गया। न्यायालय की ओर से पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने गलत तरीके से जमानत देने वाले को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की है।**

माधवनगर थाना एसआई अंकित बनोधा ने बताया कि न्यायालय में बिजली विभाग द्वारा बनाये गये प्रकरण में सलमान को आरोपी बनाया था। जिसकी मंगलवार को न्यायालय में पेशी थी। सलमान ने अपनी जमानत के लिये लक्ष्मण पिता मन्ना भूरिया निवासी नौगांव कालिया झाबुआ के नाम की भू-अधिकार एवं ऋण पुस्तिका प्रस्तुत करवाई। न्यायालय ने जमानत देने वाले लक्ष्मण से आरोपी को पहचानने का सवाल किया तो उसने पहचानने से इंकार कर दिया और बताया कि जमानत के लिये उससे पांच सौ रुपये मिले है। न्यायलय के साथ छल करने पर मामले की सूचना माधवनगर पुलिस को मिली। पुलिस ने विशेष एवं पंचम अपर सत्र न्यायाधीश परिसर पहुंचे जमानत देने वाले को हिरासत में लिया और उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) का अपराध दर्ज किया। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। लक्ष्मण से पूछताछ में पता चला कि वह काम की तलाश में आया हुआ है। उसे एक व्यक्ति मिला था, उसने जमानत देने के लिये कहा था और रुपये दिये थे। एसआई बनोधा के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। लक्ष्मण से पूछताछ में तथ्य सामने आने पर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

**महाशिवरात्रि....** 6 से 16 फरवरी तक मनेगा उत्सव, नित्य नए श्रृंगार दर्शन होंगे, 16 फरवरी को होगी दिन में भस्मारती

# भगवान महाकाल आज बनेंगे दूल्हा, शिव नवरात्रि शुरू होगी, मंदिर में दस दिनों तक रहेगी धूम

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में आज शुक्रवार से शिव नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। 10 दिनों तक उत्सव की धूम रहेगी। 6 फरवरी से पर्व शुरू होकर यह महाशिवरात्रि 15 फरवरी और इसके अगले दिन 16 फरवरी को दिन की भस्मारती तक चलेगा।


इस दौरान भगवान महाकाल दूल्हा बनेंगे और भक्तों को प्रतिदिन दिव्य श्रृंगार में दर्शन देंगे। विवाह उत्सव की शुरुआत मंदिर परिसर में कोटितीर्थ कुंड के किनारे स्थित श्री कोटेश्वर महादेव मंदिर में पूजन से की जाएगी। इसके बाद 11 ब्राह्मण गर्भगृह के अंदर अभिषेक-पूजन करेंगे। दोपहर में भगवान की भोग आरती संपन्न होगी व इसके बाद भगवान का शृंगार किया जाएगा। शाम को भांग का श्रृंगार होगा। इसका समापन महाशिवरात्रि पर्व पर होगा। इसके अगले दिन 16 फरवरी की सुबह भगवान महाकाल के सेहरा दर्शन होंगे व दोपहर में 12 बजे भस्मारती की जाएगी। 6 फरवरी को अभिषेक-पूजन कर हल्दी लगाकर दूल्हा बनाया जाएगा। 7 फरवरी को नवीन वस्त्र धारण, चांदी के आभूषण का श्रृंगार, 8 फरवरी को शेषनाग श्रृंगार, 9 फरवरी को घटाटोप श्रृंगार, 10 फरवरी को छबीना स्वरूप में शृंगार, 11 फरवरी को होल्कर का मुखौटा का शृंगार, 12 फरवरी को उमा-महेश शृंगार, 13 फरवरी को, 14 फरवरी को शिव तांडव व 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर निराकार रूप में दर्शन होंगे। 16 फरवरी को अल सुबह सप्तधान व फूलों के सेहरा दर्शन होंगे।

### महाकाल में शिविर : अधिकारी, कर्मचारियों ने कराई जांच



महाकाल मंदिर में कैंसर दिवस पर मानसरोवर भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर अवंती हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया। डॉ. देवेंद्र परमार ने बताया शिविर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया जिनकी स्वास्थ्य सम्बंधी जांच की गई। मुख कैंसर की स्क्रीनिंग, दंत संबंधी परामर्श, शुगर, ब्लड प्रेशर और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें भी नि:शुल्क की गई। चिकित्सा दल में डॉ. अनुज व्यास, वंशिका भट्ट, सचिन ठाकुर, विलास भोसले, योगेंद्र सिंह, जतिन चोरे ने सेवाएं दीं।

### पंडे-पुजारियों के लिए अलग गेट रहेगा



महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व के दौरान प्रवेश के लिए पंडे-पुजारियों के लिए प्रशासन ने 13 नंबर गेट निर्धारित किया है। गुरुवार को मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बैठक में बताया कि पंडे-पुजारियों को पूजन कार्यों में बाधा न आए इसके लिए आवागमन हेतु अलग गेट रखा गया है। पूजन सामग्री को मंदिर के भीतर लाने की व्यवस्था को सरल बनाया है। बैठक में पुजारी आशीष गुरु, पुजारी दिलीप गुरु, पुजारी विजय गुरु, पं. रमण त्रिवेदी, पुरोहित लोकेश व्यास, दीपक शर्मा, शिवम शर्मा आदि मौजूद रहे।